हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 24 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

13 परसदाकला में पुलिस ने चलाया नशा मुक्ति अभियान...


14 बरसात से पहले सुधरती सड़कें तो नहीं होती यह...




प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
मो.न. - 8103982557

B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
▸कोपा ▸इलेक्ट्रिशियन
▸हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸डीजल मैकेनिक
▸फायर टेक्नालॉजी
▸स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923
अंतिम तिथि-24/07/26

## मंत्री गुरु खुशवंत साहेब आज जिला प्रवास पर



**मैनपुर।** प्रदेश के कौशल विकास तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरू खुशवंत साहेब 24 जुलाई शुक्रवार को गरियाबंद जिले के दौरे पर रहेंगे। जानकारी के अनुसार गुरू खुशवंत साहेब 24 जुलाई को प्रातः 8:00 बजे रायपुर से गरियाबंद जिले के लिए प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर 12:00 बजे मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम अमलीपदर में भगवान श्री जगन्नाथ महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम पश्चात श्री साहेब रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

**महोत्सव : अमलीपदर में भगवान जगन्नाथ महोत्सव की धूम**

# बाल्टीजोर नाले पर बनेगा पुल : सीएम विष्णुदेव साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अमलीपदर में आयोजित भगवान जगन्नाथ महोत्सव में शामिल होने गुरूवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हेलीकाप्टर से पहुंचे। चारो तरफ जय जगन्नाथ के जोरदार जयकारे लगाए गए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं माता सुभद्रा की विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के लिए सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राज्य सरकार आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए चौबीसों घंटे कार्य कर रही है। किसी भी समय प्राप्त होने वाली शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाती है तथा वे स्वयं प्रतिदिन शिकायतों की समीक्षा करते हैं अब तक 42 हजार से अधिक शिकायतों का सफलतापूर्वक निराकरण किया जा चुका है उन्होंने क्षेत्रवासियों की मांग पर आवागमन सुविधा को बेहतर बनाने के लिए बाल्टीजोर नाले पर पुल निर्माण की घोषणा भी की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा, राजिम विधायक रोहित साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष राजीव लोचन महाराज, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निशाद, पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी तथा पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संबोधित करते हुए कहा कि अमलीपदर की पावन रथयात्रा में शामिल होना उनके लिए सौभाग्य की बात है पंडित युवराज पाण्डेय हमारे गौरव वे राज्य और देश भर में संस्कृति का प्रचार कर रहे। देवभोग क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक महत्ता का उल्लेख ⏭ शेष पेज 12 पर





**नक्सलमुक्ति की दिशा में मिली बड़ी सफलता : विजय शर्मा**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि अत्यधिक वर्षा के कारण वे रथयात्रा के प्रथम दिवस पर उपस्थित नहीं हो सके थे, किंतु आज भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा रही है और राज्य को नक्सल मुक्त बनाने की दिशा में उल्लेखनीय सफलता मिली है। रथयात्र के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपना काफिला रोककर सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया उनका उत्साहवर्धन किया तथा बच्चों के साथ सेल्फी भी ली।

**पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित**
**पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006**

**द्वितीय चरण**

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में **द्वितीय चरण सत्र 2026-27** में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें**

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन | (Dialysis) डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| रायपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सरायपाली | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| धमतरी | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| जगदलपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| बीजापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| कांकेर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| अंबिकापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| सूरजपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत :** अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही 55 रूपये का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर आवेदन और लिफाफे को एक लिफाफे में डालकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा।
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे।
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।
5. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है। अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं और कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि दें।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :- 20.08.2026 तक।**

**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-25.08.2026 तक।**

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप**

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, प्रथम तल, मेहर हाइट्स, यश बिग बाजार एवं एसबीआई बैंक के पास, राज किशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495006
महोदय,
.................... (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।
1. आवेदक का नाम .................... 2. पिता / पति ....................
3. जन्म तिथि अंकों में .................... 4. वर्ग:- अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम .................... पोस्ट .................... तहसील ....................
थाना .................... जिला .................... पिन कोड ☐
मो. नं. 1 .................... मो. नं. 2 .................... वाट्सअप नं. ....................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ....................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923 बिलासपुर (छ.ग.)



## खबर संक्षेप

### एमकॉम प्रावीण्य सूची में प्रिंस ने बनाई जगह

**तेंदूकोना।** ग्राम के होनहार छात्र प्रिंस अग्रवाल ने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की एम कॉम 2025 वार्षिक परीक्षा की प्रावीण्य सूची में नौवा स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने कुल 1455 अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय की टॉप-9 मेरिट सूची एवं बागबाहरा ब्लॉक प्रथम में जगह बनाई है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, महाविद्यालय और पूरे ग्राम में खुशी का माहौल है। प्रिंस शासकीय केएल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के छात्र रहे हैं। वाणिज्य पर उनकी मजबूत पकड़ है। मेहनत, अनुशासन और निरंतर अध्ययन के बल पर उन्होंने यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की। वर्तमान में वह अंजनेय यूनिवर्सिटी रायपुर से पीएचडी की पढ़ाई कर रहे हैं। प्रिंस ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों गुरुजनों और परिवार के सहयोग को दिया। उन्होंने बताया कि उनका लक्ष्य भविष्य में प्रोफेसर बनकर शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देना है।

पेज 11 का शेष...

### बाल्टीजोर नाले...

करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभोग एक पवित्र भूमि है, जहां से भगवान जगन्नाथ के लिए भोग पुरी भेजा जाता है ऐसे पावन स्थान पर आने का अवसर मिलना उनके लिए सौभाग्य की बात है अपने संबोधन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कथावाचक युवराज पांडे की सराहना करते हुए कहा कि वे अपनी कथाओं के माध्यम से न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश में प्रदेश की संस्कृति, परंपरा और आध्यात्मिक विरासत का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं, जो पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनकल्याण और विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा राज्य में चहुंमुखी विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना की अंतिम तिथि, जो जून माह तक निर्धारित थी, उसे उपभोक्ताओं की सुविधा को देखते हुए तीन माह बढ़ाकर सितंबर तक कर दिया गया है श्री साय ने कहा कि महतारी वंदन योजना के माध्यम से प्रतिमाह महिलाओं के बैंक खातों में राशि सीधे अंतरित की जा रही है, जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बन रही हैं।

**पं. युवराज पाण्डेय ने जताया आभार**-अमलीपदर पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं अतिथियों का स्वागत किया और पंडित युवराज ने कहा की मुख्यमंत्री और अतिथियों के आगमन को क्षेत्र के लिए गौरव बताया, आमंत्रण स्वीकार कर जात्रा में शामिल होने पहुंचे समस्त अतिथियों के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर कलेक्टर भगवान सिंह उईके, पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर, अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) हितेश्वरी बाघे, कृष्णकुमार त्रिपाठी, सौरभ सिन्हा, तुशाद मिश्रा, भोजलाल साहू, नित्यानंद शर्मा, हेमोबाई नागेश, निर्भय ठाकुर, हलमन ध्रुवा, नवीन मांझी, मुकेश साहू, देवीसिंह मांझी, सुकदेव सोरी, गफ्फु मेमन, बंशी साहू सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रभर के लोग जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### जिले में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का कार्यकारिणी परिचायक समारोह आयोजित

# कांग्रेस ने हमेशा ओबीसी समाज की उपेक्षा की : चंदूलाल साहू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

गुरुवार 23 जुलाई को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला गरियाबंद का कार्यकारिणी परिचायक एवं मिलन समारोह सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने कहा कि कांग्रेस ने लगातार पिछड़ा वर्ग समाज की उपेक्षा की। जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित इस समारोह में बड़ी संख्या में उपस्थित ओबीसी मोर्चा के जिला पदाधिकारियों सदस्यों को सम्बोधित करते हुये, चंदूलाल साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सर्वसमावेशी सर्वस्पर्शी विचारधारा की पार्टी है।इसमें ना कोई छोटा है और ना ही कोई बड़ा, इसीलिये इस पार्टी में सभी को साथ लेकर चलने के विचार के साथ विभिन्न मोर्चा एवं प्रकोष्ठ का गठन किया गया, इन सबका अपना अपना महत्व है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने लगातार पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिये प्रयास किया है। जबकि कांग्रेस ने सदैव पिछड़ा वर्ग की उपेक्षा की है। अपने उद्बोधन में चंदूलाल साहू ने 1931 को हुई जातिगत जनगणना से लेकर 1947 में आजादी के बाद से अब तक लगातार पिछड़ा वर्ग के संघर्ष को रेखांकित किया।उन्होंने बताया कि नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद 2017 में पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया गया, जिसे पूर्ण संवैधानिक अधिकार प्राप्त हुआ। आज लगभग सभी क्षेत्रों में ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण प्राप्त है। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू ने कहा कि लगातार बारिश के बाद भी, नवगठित ओबीसी मोर्चा की पहली बैठक में मोर्चा पदाधिकारियों सदस्यों की बड़ी संख्या में उपस्थिति उत्साहवर्धक है।

#### बूथ स्तर तक भाजपा को मजबूत करने में ओबीसी मोर्चा की अहम भूमिका

जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता मुरलीधर सिन्हा ने कहा कि भाजपा को बूथ स्तर पर ले जाने के लिये ओबीसी मोर्चा का बहुत बड़ा योगदान है। भाजपा के 07 मोर्चा में ओबीसी मोर्चा बेहद महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व राजिम विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा की भारत का वैभव बढ़ाने में भारतीय जनता पार्टी ने जिस स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाई है उसमें ओबीसी मोर्चा का भी बड़ा योगदान है। इस समारोह की शुरुवात भारत माता,डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन से की गई। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष शोभाचंद्र पात्र ने सभी उपस्थित मोर्चा पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। मोर्चा के जिला प्रभारी लक्ष्मण गौतम ने भी समारोह को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व राजिम विधायक संतोष उपाध्याय भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. रामकुमार साहू, सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक मुरलीधर सिन्हा भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री नरोत्तम साहू, छत्तीसगढ़ ओबीसी मोर्चा, गरियाबंद के जिला प्रभारी लक्ष्मण गौतम जी खूबचंद साहू, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शोभाचन्द्र पात्र ओबीसी मोर्चा महामंत्री द्धय थान सिंह निषाद, जय राम साहू, भाजपा बिंद्रा नवागढ़ मंडल अध्यक्ष धनराज विश्वकर्मा के अतिरिक्त जिले के सभी पदाधिकारी गण सभी मंडल के मंडल अध्यक्ष महामंत्री गण एवं जेष्ठ श्रेष्ठ




## मैनपुर पहुंचा किताबों से भरा ट्रक, लेकिन कार्यालयों में डंप होने से शिक्षक परेशान




हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

नया शिक्षा सत्र प्रारंभ हुए एक माह से भी अधिक समय बीत गया है इसके बाद भी मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के अधिकांश स्कूलों में सभी विषयों के पुस्तक का वितरण नहीं किया गया है। यह खबर को हरिभूमि ने 21 जुलाई को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था जिसके बाद 22 जुलाई को एक ट्रक पाठ्य पुस्तक मैनपुर भेजा गया है लेकिन इसे सभी संकुलों में भेजना था पर मैनपुर विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय और बीआरसीसी कार्यालय में डंप कर दिया गया। अब इन पुस्तकों को मैनपुर से 60-70 किमी विभिन्न स्कूलों और संकुल केन्द्रो तक पहुंचाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षक और प्रधान पाठक स्कूल में पढ़ाने छोड़कर पुस्तक लेने के लिए मैनपुर कार्यालय तक पहुंच रहे है जिससे दिनभर का समय लग रहा है तो वही इससे पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है जबकि इन पुस्तकों को संकुल केन्द्रों तक बकायदा पहुंचाना था लेकिन इसे मैनपुर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में डंप कर दिया गया है। बहरहाल पिछले दो दिनों से लगातार पुस्तक वितरण कार्य किया जा रहा है।

## श्वेताम्बर जैन मंदिर में 28 से वर्षावास का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

श्वेताम्बर जैन मंदिर प्रांगण में वर्षावास 2026 का शुभारंभ आगामी 28 जुलाई से होने जा रहा है। संघ के पुण्योदय से इस वर्ष चातुर्मासिक आराधना हेतु खरतर गच्छाधिपति आचार्य भगवंत श्री जिनचन्द्र सरि जी म.सा. तप चक्रवर्ती गणि प्रवर श्री वीरभद्रमुनि जी के सुशिष्य पूज्य भव्य मुनि जी एवं पूज्य सोमभद्र मुनि जी का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ है। चातुर्मासिक प्रवचन की श्रृंखला 25 जुलाई से प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से 10 बर्ष तक श्वेताम्बर जैन मंदिर प्रांगण में प्रारंभहोगी। जिनवाणी की सतत धारा चार मास तक सतत चलेगी। प्रमुख प्रवचन मुनि श्री के जीवन परिचय के रूप में संघसचिव अभिषेक दुग्गड़ ने बताया कि बीस वर्षीय मुनि श्री ने 8 वर्ष की अल्पायु में अपने माता -पिता एवं बहन के साथ पाली राजस्थान में पंच महाव्रत को अंगीकार कर जैन दीक्षा ग्रहण की। विगत बारह वर्षों से अपने गुरु के पास रहकर जिन आगम आदि का लगातार स्वाध्याय करते हुए प्रथम बार चातुर्मास हेतु हमारे नगर नवापारा राजिम आएहै। जो कि खरतर गच्छ की वर्तमान परम्परा में एक स्वर्णिम इतिहास बनने जा रहा है। यह चातुर्मास केवल एक धार्मिक आयोजन ही नही संपति अपितु जिनशासन का महापर्व है। इस स्वर्णिम एवं पावन अवसर को



वास्तविक अर्थों में शासनोत्थख बनाना हम सभी का परम कर्तव्य है। चातुर्मासिक आयोजक समिती के सचिव मुकेश पारख ने सकल जैन समाज एवं धर्मप्रेमी बंधुओं से तनमनधन से सहयोग के साथ इसके पुण्य अवसर में सहभागी बनने तथा धर्म आराधना, प्रवचन स्वाध्याय, सामायिक, जप तप, एवं धार्मिक अनुष्ठानों से जमकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की है। प्रवचन, स्वाध्याय में मोबाइलफोन के इस्तेमाल को प्रतिबंधित किया गया है। आगामी 30 जुलाई से सामुहिक तप के रूप में प्रतिदिन आयंबिल, निवी एवं एकांतर तप के अंतर्गत बीस विहरमान तप की तपस्या प्रारंभ होगी। 25 जुलाई से ब रात्रि 8 बजे से श्रावक वर्ग के लिए स्वाध्याय एवं धर्मचर्चा का आयोजन होगा।

## बदहाली के साए में रसेला का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल से लेकर क्वार्टर तक की टपक रही है छत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रसेला के साथ साथ डॉक्टर और नर्स क्वार्टर में बारिश के कारण कई जगहों पर पानी टपक रहा है। इससे अस्पताल के कर्मचारियों और मरीजों को परेशानी हो रही है। इसी तरह डॉक्टर और नर्स क्वार्टर का बुरा हाल है। ग्रामीण सहायक चिकित्सा डॉ प्रज्ञेश देवांगन ने बताया कि जिस क्वार्टर में निवास करता हूं वहां की छत के प्लास्टर गिर रही है। बरसात में पानी भी टपकता है, इसी कड़ी में नर्स क्वार्टर इतना बेहाल हो चुका है कि वहां कोई कर्मचारी रहता ही नहीं रहता।अस्पताल से लेकर आवासीय परिसर में पानी टपकने की समस्या कोई नई नहीं है, पहले भी कई बार इसकी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकाला है। पानी टपकने के कारण मरीजों को परेशानी हो रही है, और डॉक्टर को भी अपने निवास पर सुरक्षित नहीं है। यह समस्या कई सालों से चली आ रही है लेकिन अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया गया है। डॉ. देवांगन ने कहा पानी टपकने के कारण छत गिरने का भी खतरा हमेशा बना रहता है, ऐसी स्थिति में यहां पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता हैं। सीलिंग के प्लास्टर उखड़ कर गिर रहें हैं। डीएम और सीएमओ निरीक्षण पूर्व के जिलाधिकारी भी कर चुके हैं, लेकिन किसी भी अधिकारी ने इस समस्या से निजात दिलाने की जहमत नहीं उठाई। इसके साथ कई बार मंत्री, संसद , विधायक और जनप्रतिनिधियो को कई बार इस स्थिति से अवगत कराया गया लेकिन इसके बाद भी अभी तक आश्वासन के शिवाए कुछ हाथ नहीं लगा।

#### 10 साल से ग्रामीण झेल रहे असुविधा




वहीं स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात स्वास्थ्य कर्मी बार बार गुहार लगाकर थक हार चुके हैं। पिछले 10 सालों से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना के बाद यहां के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति उम्मीद जगी और लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं भी मिला रहा है। लेकिन पिछले 10 सालों से असुविधा का सामना करना पड़ा रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि बिल्डिंग जर्जर हो चुकी है, डॉ सहित स्वास्थ्य कर्मी डर के साए में नौकरी करने को मजबूर हैं, तो लोगों को स्वास्थ्य सेवा कैसे मिल पाएगी। इसके बारे में डॉ राहुल नेताम ने कहा कि जीवन दीप समूह की बैठक में चर्चा के साथ उच्चअधिकारियो को अवगत गया है।उसी समय अस्पताल और डाक्टर और नर्स क्वार्टर के बारे में सभी वस्तुस्थिति की बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया था। उन्होंने तुरंत एसडीएम को नोट करने के लिए बोला गया, मगर अभी तक कुछ भी नहीं हुआ। लोगों का कहना है कि डॉ. नर्स और स्वास्थ्यकर्मियों के रहने के लिए जो आवास बना है, वहां भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है।

## कवि मीर अली पहुंचे भाठीगढ़, नंदा जाहि का रे की प्रस्तुति से श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कवि मीर अली मीर गुरुवार को मैनपुर पहुंचे जहां उनका आत्मीय स्वागत किया गया। भाठीगढ़ स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में अपने ओजस्वी व भावपूर्ण प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और अपने खास प्रसिद्ध रचनाएं नंदा जाहि का रे और छत्तीसगढ़ी महतारी वंदन जैसे काव्य पर खूब तालियां बटोरी। तहसील मुख्यालय से 3 किलोमीटर दूर भाठीगढ़ स्थित माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला के बच्चों का सम्मान किया गया। समाजसेवी संजय शर्मा कबीर के द्वारा अपने पिता स्वर्गीय रामाधार शर्मा एवं माता स्वर्गीय विमला शर्मा के स्मृति में एक समारोह आयोजित कर माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला के बच्चों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बैग, कंपास बाक्स एवं अन्य शैक्षिक सामग्री वितरण किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के प्रख्यात कवि मीर अली मीर के द्वारा छत्तीसगढ़ी बोली में कविता पाठ करके बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक जनक ध्रुव के द्वारा संबोधित करते हुए साहित्य व कविता के महत्व को बताया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम के द्वारा भी कार्यक्रम को संबोधित किया गया। सम्मान समारोह में उपस्थित अतिथियों का शाल श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट करके शाला परिवार द्वारा सम्मान किया गया। आयोजित समारोह मे शिव शंकर महिला स्व सहायता समूह व जय मां शीतला महिला स्व सहायता समूह के द्वारा विद्यार्थियों को न्योता भोज कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद सदस्य श्रीमती जामुन नेगी, सरपंच श्रीमती पुष्पा नेगी, शेख हसन खान,हरिश्चंद्र नेगी, आदिवासी समाज प्रमुख खेदु राम नेगी, लखन साहू, डाकेश्वर नेगी, अमृत ध्रुव, भूषण पांडे, विशेश्वर सिक्का, दामोदर साय नेगी, मोहम्मद एजाज मेमन, पद्मिनी शांडिल, ईश्वरी बम्बोडे, सुषमा दास, द्रोण कुमार साहू, धनेश बघेल, दुर्गा चरण कोमर्रा, तोकेश्वरी पटेल, सरस्वती यादव, हेमलाल विश्वकर्मा, महेंद्र ध्रुवा एवं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि ग्रामीण व शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।




## मैनपुर सीएचसी में 10 बिस्तरीय पोषण पुनर्वास केंद्र का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरूवार को 10 बिस्तरीय पोषण पुनर्वास केंद्र का शुभारंभ गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके द्वारा किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री उइके ने केंद्र का निरीक्षण कर भर्ती बच्चों एवं उनके परिजनों से चर्चा की तथा स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग को आपसी समन्वय से गंभीर कुपोषित बच्चों की समय पर पहचान कर उन्हें उपचार के लिए पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों का समुचित पोषण, नियमित चिकित्सकीय देखभाल एवं माताओं को पोषण संबंधी परामर्श देकर कुपोषण को प्रभावी रूप से कम किया जा सकता है। वर्तमान में पोषण पुनर्वास केंद्र में 7 गंभीर कुपोषित बच्चों को भर्ती कर उपचार एवं पोषण पुनर्वास की सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। यहां बच्चों को चिकित्सकीय उपचार, संतुलित एवं चिकित्सकीय मानकों के अनुरूप पौष्टिक आहार, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण तथा माताओं को शिशु एवं बाल आहार संबंधी व्यवहारिक प्रशिक्षण एवं परामर्श निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यूएस नवरत्न, जिला कार्यक्रम अधिकारी (महिला एवं बाल विकास) अशोक पांडे, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. गजेन्द्र कुमार ध्रुव, डॉ. केडी जोगी, डॉ. लक्ष्मीकांत जांगड़े, जिला कार्यक्रम प्रबंधक गणपत नायक, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक गणेश सोनी, महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक लीलावती सेन, फूड डेमोंस्ट्रेटर पूर्णिमा साहू, स्टाफ नर्स उमेश्वरी कंवर, श्रीमती लक्ष्मी कुर्रे, ईश्वर निषाद एवं रोशन ध्रुव सहित स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**दूरस्थ क्षेत्र के ग्रामीणों को मिलेगी बड़ी राहतः बीएमओ-** मैनपुर विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. गजेन्द्र कुमार ध्रुव ने बताया कि मैनपुर जैसे दूरस्थ एवं आदिवासी क्षेत्र में पोषण पुनर्वास केंद्र प्रारंभ होने से गंभीर कुपोषित बच्चों को अब उपचार के लिए जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर ही विशेषज्ञ देखभाल, पौष्टिक आहार एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होने से बच्चों के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार होगा तथा क्षेत्र में कुपोषण की रोकथाम को नई गति मिलेगी।

### शीतला मंदिर रसेला में गुंजायमान हुआ मां दुर्गा का जयकारा, 5 घंटे चला अखंड पाठ

# सच्ची साधना वही, जो इंसान को नशामुक्त और चरित्रवान बनाए : निषाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला

ग्राम रसेला में भक्ति और संकल्प का अनूठा संगम देखने को मिला। भगवती मानव कल्याण संगठन के तत्वावधान में आयोजित 5 घटे के अखंड दुर्गा चालीसा पाठ गांव के शीतला माता के मंदिर में बड़ी संख्या में ग्रामवासी हिस्सा लेकर पुण्य अर्जित किए। इस धार्मिक अनुष्ठान का मुख्य उद्देश्य केवल पूजा अर्चना तक सीमित न रहकर समाज को नशा, मांसाहार और कुरीतियों से मुक्त करना है।

ग्राम के बलदराम ठाकुर, गैदलाल यादव, अवधराम ठाकुर, यशवंत ठाकुर, केशर नागेश, उमेश नागेश सहित पूरे टीम के सदस्यगण और ग्रामवासियों के सहयोग से यहां कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संगठन के प्रमुख पुष्पक निषाद ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि शक्ति पुत्र महाराज के निर्देशन में दिव्या मा दुर्गा की महाआरती और अखंड पाठ के माध्यम से समाज को एक नई दिशा दी जा रही है।

उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि असली साधना वहीं है जो व्यक्ति को नशामुक्त, मांसाहार मुक्त और चरित्रवान बनाएं। वर्तमान समाज में कुरीतियों के हावी होने को लेकर उन्होंने कहा कि लोग नशा और मांसाहार में मस्त हैं। धर्म और अधर्म से किसी को मतलब नहीं रह गया है। अपने निजी स्वार्थ और स्वाद के लिए शराब और अन्य नशीले पदार्थ और मांसाहार का सेवन कर रहे हैं। भविष्य में सुधार के लिए हमें वर्तमान में पहल करना जरूरी है।



**गांव में सुख- शांति की स्थापना की जा रही-** आज की योजना कल जाकर धरातल पर सफल होगी। इसलिए समाज को सच्चे राह दिखाने के लिए गांवों में अखंड दुर्गा चालीसा पाठ किया जा रहा है। वहां पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने बुराइयों का त्याग, अच्छाई ग्रहण करने का संकल्प लिया गया। भगवती मानव कल्याण संगठन जो जन जन को सदमार्ग की ओर ले जाने के लिए कार्यरत हैं। समाज और घर घर व गांव में सुख शांति की स्थापना की जा रही है। पाठ के दौरान शीतला मंदिर से लेकर गांव में दुर्गा के जयकारों से गुंजायमान रहा। पांच घंटे चले इस अखंड पाठ के समापन पर महाआरती कर खीर पुडी का प्रसाद वितरित किए। ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि वे समाज में व्याप्त बुराइयों को त्याग कर चरित्रवान और व्यसन मुक्त जीवन व्यतीत करेंगे। नशामुक्त खुद को और समाज को बनाने के लिए लोगों को प्रेरित करने की बातें कही गई। इस अवसर पर बैगा भागवत कोमर्रा, टंकेश्वर कोमर्रा, प्रभुलाल कुंजाम,तामेश्वर मरकाम, नंदकिशोर यादव, रामायण ठाकुर, राघवेंद्र यादव, खिलवान यादव, कार्तिक यादव, पुरुष महिलाएं और युवा, युवतियां, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे, जिन्होंने सामूहिक साधना के इस सौभाग्यशाली क्षण का लाभ उठाया।

## खबर संक्षेप



### कांग्रेस ने महापुरुषों के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया याद

**नवापारा-राजिम।** गुरूवार को पूर्व विधायक धनेंद्र साहू के कार्यालय संगवारी में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा द्वारा आयोजित कार्यक्रम लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक, शहीद चन्द्रशेखर आजाद की जयंती एवं बिसाहूदास महंत की पुण्यतिथि अवसर तीनों को स्मरण करते हुए उनके जीवन के त्याग बलिदान को याद करते हुए उनके छाया चित्र पर माल्यार्पण करते हुए नमन किया। मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामा यादव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पार्षद अजय साहू, अर्जुन साहू, रामरतन निषाद, तरुण कंसारी, निर्माण यादव, गुड्डू मिश्रा, सौरभ सोनी, टिकेश्वर गिलहरे, वीरेंद्र राजपूत, प्रतीक साहू, महेश साहू, अनुभव जैन, शंकर साहू, रुक्मणी साहू, गौतम निषाद मौजूद थे।

### छोटा इंग्लिश मीडियम स्कूल मनाया गया प्रवेश उत्सव



**नवापारा-भेण्डरी।** छोटा इंग्लिश मीडियम स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य विनीता साहू थी। अध्यक्षता सरपंच राजेश्वरी पटेल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सरपंच प्रीतराम देवांगन, उपसरपंच राधे पटेल, गुलाबा साहू, गणेश्वर साहू, लोमश साहू मौजूद थे। इस अवसर पर अतिथियो ने बच्चों को नैतिक शिक्षा एवं अनुशासन पर विशेष जोर देने की बात कहते हुए बच्चों को पुस्तक, कॉपी, बैग और गणवेश भेंट कर बधाई दी। कार्यक्रम में स्कूल की प्रभारी कुसुमलता साहू, अर्चना साहू, भूमिका साहू, ज्योति साहू, टुकेश्वरी साहू शामिल रही।

### अंधेरे में डूबा कोमाखान का मुख्य मार्ग

**कोमाखान।** नगर का बस स्टैंड इन दिनों अंधेरे में डूबा है। 40-50 पोल के बल्बों में से लगभग आधे बल्ब नहीं जल रहे हैं। जिसके चलते नगर के मुख्य मार्ग में अंधेरा छाया है। बता दें कि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के प्रयास से मुख्य मार्ग का नवनिर्माण के बाद दूधिया रोशनी से नगर को जगमग करने लाइटें लगाई गई। इनमें वर्तमान में आधे बल्बों की रोशनी गायब है। रेलवे क्रॉसिंग गेट से बस स्टैंड होते हुए मुख्य मार्ग (नर्रा व कुलिया चौक तक) नये पोल लगाने के बाद दूधिया रोशनी से जगमग हुआ था। इसके पहले भी ये लाइटें कभी रेलवे गेट से बस स्टैंड तक तो कभी बस स्टैंड से नर्रा, कुलिया मार्ग चौक तक जलती थी। लेकिन, अब पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नही होने के कारण रात में राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के कारण सांप-बिच्छू का डर बना हुआ है। बता दें कि कोमाखान क्षेत्र में आए दिन भालू आते हैं, जिससे लोगों में इसका भी भय बना रहता है। वहीं बस स्टैंड क्षेत्र में अंधेरा होने के कारण रहवासियों समेत व्यापारी वर्ग भी परेशान है। उन्हें चोरी होने की आशंका ज्यादा है।

### दिल्ली में कांग्रेस नेताओं से बदसलूकी के विरोध में मैनपुर में फूटा आक्रोश, जलाया पीएम का पुतला

# युवाओं के भविष्य के साथ भाजपा सरकार कर रही खिलवाड़ : जनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

प्रधानमंत्री आवास के सामने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में शांतिपूर्ण घेराव कर रहें। कांग्रेस एवं अन्य दलों के सांसद के साथ-साथ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और कांग्रेस नेताओ के साथ दिल्ली पुलिस द्वारा धक्कामुक्की घसिटने जैसे कृत्य से पूरे देश के कांग्रेसियो में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। गुरूवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा केन्द्र के नरेन्द्र मोदी सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए जंगी रैली निकाली गई और नारेबाजी करते हुए बस स्टैंड मैनपुर पहुंचे जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला जलाया गया। इस दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में पुतला दहन के दौरान झुमाझटकी की नौबत देखने को मिली लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चलाकी के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र के पुतला को आग के हवाले कर दिया और सड़क पर बैठकर नारेबाजी करने लगे।



#### पेपर लीक के खिलाफ आवाज दबाने की कोशिशः जनक ध्रुव

आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने कहा की पेपर लीक के खिलाफ छात्रों की आवाज उठा रहे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी मोदी सरकार के डर को दिखाता है। मोदी सरकार पेपर लीक के दोशियो के खिलाफ कार्यवाही नहीं कर रही है ऊपर से विपक्ष के नेताओं छात्रों-युवाओ को प्रताड़ित करने पर तुली है। राहुल गांधी देश के युवाओं की आवाज बन गए हैं। तत्काल केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से इस्तिफा लेना चाहिए और बच्चों की मांगों को पूरा करन चाहिए।

**हर मोर्चे पर विफल रही केंद्र सरकार-** वरिष्ठ कांग्रेस नेता जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने कहा की केन्द्र की भाजपा सरकार हर मामले में फैल हो चुकी है देश की जनता अब इस सरकार को समझ चुकी है। देश के पढ़े - लिखे युवा छात्राओं के कपड़े फाड़े जा रहे हैं। बच्चों को मारा जा रहा है इतना बर्बरता और तानाशाह सरकार पहली बार देश में देखने को मिला है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा की परीक्षा में हुई अनियमितता विफलताओं को लेकर चर्चा किया जाना चाहिए। भाजपा सरकार लाखों छात्रों के भविष्य को खतरे में डाल दिया है और शांतिपूर्ण आंदोलन करने वाले लोगों के खिलाफ एफआईआर सभी अपराधिक मामलो को तुरंत वापस लेना चाहिए। ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव ने कहा की भाजपा सरकार से अब देश की जनता त्रस्त हो चुकी है युवा, छात्र, किसान, महिला, मजदूर, आदिवासी दलिल सभी वर्गो के लोग त्रस्त हो चुके है। इस सरकार के खिलाफ पूरे देश में आक्रोश देखने को मिल रहा है जा आने वाले दिनों में बड़े बदलाव के रूप में सामने आयेगा। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से विधायक जनक ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, पूर्व अध्यक्ष शाहिद मेमन, सामंत शर्मा, नेहाल नेताम, आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष दुलेन्द्र नेगी, टीकम सिंह कपिल, पारेश्वर नेगी, तनवीर राजपूत, खेलन साहू, लिकेश यादव, डोमार साहू, इम्तियाज मेमन, पवन जगत, रामभरोसा नेताम, पारेश्वर नेताम, रेवन दीवान, घन"याम यादव, इमरान रजा, मोहित ध्रुव, विरेन्द्र राजपूत, सेवन दीवान, समीर खान, लोकनाथ साहू, टिकेन्द्र नेताम, भिलेश ध्रुवा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अमलीपदर में सीएम के कार्यक्रम से पहले एनएच पर लगा 3 घंटे का जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर देवभोग नेशनल हाइवे 130 सी मुख्यमार्ग मे कीचड़ और सड़क किनारे गड्ढो के चलते वाहन फंस जाने से गुरुवार को वाहनों की लंबी लाइन लग गई व कई वाहन फंसे रहे। मुख्यमंत्री का मैनपुर विकासखण्ड के अमलीपदर दौरा था। कार्यक्रम में जा रहे अफसर एवं पुलिस जवानों की गाड़ी फसने से जाम इतना लंबा लगा रहा कि जेसीबी मशीन से फसे वाहन को हटाने के बाद आवागमन सुचारू किया गया। करीब 3 घंटे तक जाम में सैकड़ों वाहन फसे रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे गरियाबंद जिले के अमलीपदर में आयोजित भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा कार्यक्रम में शामिल पहुंचे। कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस ने पहले से तैयारियां शुरू कर दी थीं। प्रशासनिक अधिकारियों और सुरक्षा व्यवस्था में लगे जवानों का काफिला भी कार्यक्रम स्थल की ओर रवाना हुआ, लेकिन रास्ते में नेशनल हाईवे पर लगे जाम के कारण कई वाहन बीच रास्ते में ही फंस गए।

**बुधवार के सड़क हादसे के बाद नहीं हटाए गए वाहन** -जानकारी के अनुसार, बुधवार शाम नेशनल हाईवे पर ट्रक और बोलेरो के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई थी। इस दर्दनाक हादसे में देवभोग रेंज के रेंजर की मौत हो गई थी। हादसे के बाद दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हाईवे से नहीं हटाया जा सका। यही वजह है कि गुरुवार को जैसे-जैसे वाहनों की आवाजाही बढ़ी, सिंगल लेन वाले इस मार्ग पर लंबा जाम लग गया। जिस स्थान पर हादसा हुआ, वहां सड़क पहले से ही सिंगल लेन है। दुर्घटनाग्रस्त वाहन सड़क पर खड़े रहने के कारण दोनों ओर से आने-जाने वाले वाहनों को निकलने में काफी दिक्कत हो रही है। भारी वाहनों और बसों की संख्या बढ़ने से स्थिति और बिगड़ गई। मौके पर वाहन बेहद धीमी गति से निकल रहे थे और कई जगहों पर ट्रैफिक पूरी तरह रुक गया। हाईवे पर लगे जाम का असर सिर्फ प्रशासनिक अमले तक सीमित नहीं है। यात्री बसें, निजी वाहन, मालवाहक ट्रक और दोपहिया वाहन भी घंटों से जाम में फंसे हुए हैं। बसों में सफर कर रहे यात्रियों को भीषण गर्मी और लंबे इंतजार का सामना करना पड़ रहा है।

## परसदाकला में पुलिस ने चलाया नशा मुक्ति अभियान, नशे से दूर रहने की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर





छत्तीसगढ़ पुलिस के नशा मुक्त समाज के संकल्प के तहत, फिंगेश्वर थाना पुलिस ने शासकीय हायर सेकेण्डरी परसदाकला में एक विशेष नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं और स्कूली छात्रों को नशे के घातक परिणामों के प्रति सचेत करना और उन्हें एक उज्ज्वल, स्वस्थ भविष्य के लिए प्रेरित करना है। 150 स्कूली छात्र- छात्राएं इस कार्यक्रम के सहभागी बने।बहुत सारे बच्चो द्वारा, नशा मुक्ति, सायबर क्राइम, महिला उत्पीड़न विषय पर विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरुआत हायर सेकेण्डरी के बच्चों द्वारा नशा मुक्ति अभियान, सायबर क्राइम विषय पर चित्रकला, स्पीच व कविता के साथ हुई। चित्रकला में स्कूल के 6 ग्रुप ने प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें प्रथम स्थान पर कक्षा 12वी की छात्राएं पौमिका, तृप्ति,नेहा व ज्योति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं वाद विवाद प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं के ही विद्यार्थी फलेश्वरी, गीतांजलि, गायत्री ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसी तरह निबंध प्रतियोगिता में डाली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुलिस विभाग की ओर से कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी जयप्रकाश नेताम जी के द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं इनाम दिया गया। थाना प्रभारी नेताम जी ने नशा मुक्ति अभियान के संदर्भ में सभी विद्यार्थियों को नशे शराब, जुआ, तम्बाकू जैसे व्यसनो से दूर रहकर साफ सुथरा जीवन अपनाने को कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें संस्था के प्राचार्य एन एस ठाकुर ने भी बच्चों को नशे से दूर रहकर जीवन यापन करने की सलाह दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पुलिस विभाग की ओर से थाना प्रभारी जयप्रकाश नेताम, राहुल तिवारी, ललित नेताम, लक्ष्मी ध्रुव, संस्था प्राचार्य एनएस ठाकुर, कार्यक्रम प्रभारी एम दास एस साहू, गिरवर यादव, केपी साहू, अविनाश कश्यप, शाइस्ता अंसारी, आरती कोसरे, देवेंद्र सिन्हा आदि स्टॉफ व स्कूली छात्र छात्रएं उपस्थित रहीं।

## नीट परीक्षा विवाद पर कांग्रेस का धरना पीएम व शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नीट परीक्षा को लेकर देशभर में जारी विवाद और दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर कथित पुलिसिया कार्रवाई के विरोध में सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरा के तत्वावधान में बस स्टैंड परिसर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नीट परीक्षा की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई तथा छात्रों पर पुलिसिया कार्रवाई रोकने की मांग उठाई। धरना सभा को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष माहेश्वरी शाह ने कहा कि नीट परीक्षा में सामने आई कथित अनियमितताओं ने लाखों विद्यार्थियों के भविष्य को संकट में डाल दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार परीक्षा में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के बजाय छात्रों की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग लोकतंत्र की भावना के विपरीत है। उन्होंने नीट मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग भी की। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष मंजू ध्रुव ने कहा कि देश का युवा न्याय की मांग कर रहा है, लेकिन उसकी आवाज को दबाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा कांग्रेस विद्यार्थियों के अधिकारों की लड़ाई लगातार लड़ती रहेगी। धरना कार्यक्रम का मंच संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री हरीश यादव ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष सलीम मेमन ने किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश प्रतिनिधि पीसीसी यशपेंद्र शाह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अब्दुल समद खान,शैलेन्द्र दीक्षित,राजकुमारी सोनी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अब्दुल शमीम खान, भानुप्रताप भारद्वाज, अवध मरकाम, नीलकंठ ठाकुर, केवल साहू, बिगेंद्र ठाकुर, पंचराम टंडन, रामजी दीवान, देवसिंग नेताम, शांतनु देवांगन, सुखबती टांडे, पुष्पा ध्रुव, खिलेश्वरी ध्रुव, इंदु देवांगन, पार्षद दीप्ति यादव, नियाज अहमद, थानुराम तारक, प्रताप सिंह ठाकुर, आकाश दीक्षित, मोनू दीक्षित, अखिल चौबे, अफजल खान, टिकेश्वर सिन्हा, पुखराज नायक, रामाधार साहू, जिला अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस भाव सिंह मरकाम, धनसाय ध्रुव सहित ब्लॉक कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई के पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विद्युत विभाग की कार्यशैली से ग्रामीण परेशान, कनिष्ठ यंत्री की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



जनपद सदस्य पूजा-मुकेश भारती ने विद्युत विभाग के सहायक अभियंता को एक ज्ञापन सौंपकर कनिष्ठ यंत्री डीके ठाकुर की शिकायत की है। श्री भारती ने आरोप लगाते हुए कहा है कि क्षेत्र में खराब ट्रांसफॉर्मरों को समय पर नहीं बदला जा रहा है, बिजली संबंधी शिकायतों का निराकरण नहीं हो रहा है। किसानों और आम उपभोक्ताओं को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार शिकायतें, ज्ञापन और विरोध प्रदर्शन होने के बावजूद व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं होने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी व्याप्त है। उन्होने बताया कि ग्राम पंचायत बकली के होटलपारा स्थित नए मोहल्ले में आज तक बिजली पोल एवं लाइन का विस्तार नहीं किया गया है, जिससे अनेक परिवार मूलभूत सुविधा से वंचित हैं। इसी तरह बकली-रावड़ के बीच खेत में स्थित ट्रांसफॉर्मर के खराब होने पर मरम्मत कार्य में भारी दिक्कत आती है। इसे सड़क किनारे स्थानांतरित करने के लिए लगभग 20 किसानों के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन सुशासन तिहार में दिया गया था तथा विभाग द्वारा निर्धारित राशि भी जमा कराई जा चुकी है, लेकिन तीन माह बीत जाने के बाद भी कार्य शुरू नहीं हुआ, जिससे किसानों में गहरा असंतोष है। कहा कि बिजली विभाग उपभोक्ताओं से समय पर पूरा बिल वसूलता है और भुगतान में थोड़ी भी देरी होने पर बिजली काटने में देर नहीं करता। ऐसे में जनता यह सवाल पूछ रही है कि जब उपभोक्ताओं पर नियम सख्ती से लागू होते हैं, तो अधिकारियों की जवाबदेही तय क्यों नहीं होती? उन्होंने कहा कि जनता को बेहतर बिजली व्यवस्था उपलब्ध कराना सरकार और विभाग की जिम्मेदारी है। यदि अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं करेंगे तो कांग्रेस जनता के साथ मिलकर लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष को और तेज करेगी। उन्होंने मांग की कि कनिष्ठ यंत्री डी.के. ठाकुर के विरुद्ध विभागीय जांच कर उचित कार्रवाई की जाए तथा क्षेत्र में जिम्मेदार अधिकारी की पदस्थापना सुनिश्चित की जाए। जनपद सदस्य रोशन डहरिया ने कहा कि संबंधित अधिकारी की कार्यशैली को लेकर पूर्व में भी बासिन, रावड़, बकली सहित कई गांवों के ग्रामीणों ने बिजली कार्यालय का घेराव किया था।

### घर के सामने से बाइक चोरी

**महासमुंद।** घर के सामने से बाइक चोरी होने के मामले में बागबाहरा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि सिवनी खुर्द निवासी कादिर खान ने 14 जुलाई को अपनी बजाज पल्सर 150 क्रमांक- सीजी 06 जीडब्लू 1322 को अपने दोस्त रजा खान झलप चौक व्यापारी तालाब वार्ड नं 2 बागबाहरा निवासी को निजी कार्य से दिया था, जिसने अपना काम करने के बाद 22 जुलाई को लगभग 01 बजे अपने घर के सामने खड़ा किया था। सुबह 04.30 बजे उठकर देखा तो बाइक उक्त जगह पर नहीं थी। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धार 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

## सीआईएसएफ जवान डेरहा राम का गांव पहुंचने पर स्वागत, निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटसिवनी (पिपरहट्टा)



गरियाबंद जिले के छुरा विकास खंड के बोडराबांधा गांव में मंगलवार को उत्सव सा माहौल रहा। गांव के पहले सीआईएसएफ जवान डेरहा राम नेताम ट्रेनिंग पूरी कर पहली बार सेना की वर्दी में अपने घर पहुंचे तो उनके स्वागत के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। डेरहा राम नेताम, बोडराबांधा निवासी ओंकार नेताम के पुत्र हैं। डेरहा राम नेताम, के सीआईएसएफ जवान बनने से पूरे गांव को गर्व की अनुभूति हो रही है। गांव पहुंचते ही लोगों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। गांव के रंग मंच पर पहले से लोग मौजूद थे , ग्रामीणो ने बताया कि डेरहा राम नेताम, ने राजस्थान में सीआईएसएफ का प्रशिक्षण प्राप्त किया था। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद वह मंगलवार को अपने गांव पहुंचे। जहां गांव के लोग पहले से ही उनके स्वागत के लिए मौजूद थे। गांव के रंग मंच पर डीजे, गाजे-बाजे और फूल-माला के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद डेरहा राम नेताम, को कार में बैठाकर तिरंगा यात्रा निकाली गई। जहां ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उनकी उपलब्धि पर खुशी जताई। रैली में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए ,गाजे-बाजे और डीजे के साथ भव्य रैली निकाली गई, जिसमें डेरहा राम नेताम, हाथ में तिरंगा लेकर वाहन पर खड़े होकर लोगों का अभिवादन करते नजर आए। रैली में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।
















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### भाजयुमो सदस्यता अभियान को मिली नई गति : दीपक साहू

**राजिम।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा प्रदेशव्यापी सदस्यता अभियान को गति देते हुए जिले में भी संगठन विस्तार का कार्य तेजी से चला रहे है। यह जानकारी देते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष दीपक साहू ने बताया



कि जिले के सभी युवाओं, छात्र-छात्राओं, नए मतदाताओं एवं राष्ट्रसेवा की भावना रखने वाले युवाओं से भारतीय जनता युवा मोर्चा से जुड़ने का आह्वान किया है। श्री साहू ने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा युवाओं को राष्ट्र निर्माण, सामाजिक सेवा, नेतृत्व विकास एवं संगठनात्मक कार्यों से जुड़ने का सशक्त मंच प्रदान करता है। कहा कि आज का युवा भारत के उज्ज्वल भविष्य के निर्माता है और उसकी सक्रिय भागीदारी से संगठन को नई ऊर्जा एवं मजबूती मिलेगी। बताया कि जिन युवाओं ने अभी तक अपना बीजेवायएम आईडी नहीं बनाया है, वे ऑनलाइन पंजीयन कर आसानी से सदस्य बन सकते हैं। उन्होने सभी कार्यकर्ताओं से अपने-अपने गांव, वार्ड, पंचायत, महाविद्यालय एवं नगरों में अधिक से अधिक युवाओं को सदस्यता अभियान से जोड़ने की अपील की।

### सोहम हास्पिटल में हृदय रोग जांच आज

**महासमुंद।** ग्राम लभराखुर्द स्थित सोहम हास्पिटल में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सुलभ चंद्राकर 24 जुलाई को सुबह 11 बजे से 1 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। जिसमें लैब टेस्ट, इको, ईसीजी टेस्ट का लाभ ले सकते हैं। हृदय रोग के छाती में दर्द होना, बार-बार सांस फूलना, बीपी हाई होना, चक्कर आना या धड़कन कम या तेज होना आदि लक्षण होते हैं।

### कॉलेज में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन कल से

**महासमुंद।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों के समस्त स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय ऑनलाइन पोर्टल 25 जुलाई से 14 अगस्त तक खोली जा रही है। विवि द्वारा प्रवेश तिथि में बढ़ोत्तरी की गई है। जिसके तहत चतुर्थ चरण में महाविद्यालय में प्रवेश लेने की तिथि 26 जुलाई से 31 जुलाई, पंचम चरण में 02 अगस्त से 06 अगस्त, पष्ठम चरण में महाविद्यालय में प्रवेश लेने की तिथि 07 अगस्त से 14 अगस्त तक ऑनलाइन पोर्टल आवेदन के लिए खुला रहेगा।

### अज्ञात मृतक का अंतिम संस्कार

**महासमुंद।** खरोरा और बेलसोंडा स्टेशन के 21 जुलाई को बीच ट्रेन से कट कर मौत हो गई। उक्त बुजुर्ग की उम्र तकरीबन 60 वर्ष बताई जा रही है। शिनाख्त नहीं होने पर उक्त अज्ञात शव को अंतिम संस्कार के लिए पुलिस ने मुक्तिधाम सेवा समिति को सौंपा। जिस पर समिति के डॉ जितेंद्र शुक्ला, ओम प्रकाश औसर, फगुआ पटेल, सुरेश साहू, राजू चंद्राकर, डॉ एजाज नकवी, मनोज पटेल, गुमान, संजय साहू, संतोष साहू द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए अज्ञात शव का विधिपूर्वक अंतिम संस्कार किया।

## अनदेखी : सन 2000 में बना भवन जर्जर, बारिश में भरता है पानी

# लेड़ीबहार का प्राथमिक स्कूल जर्जर, 3 साल से ग्रामीण के बरामदे में चल रहीं 5 कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

राज्य निर्माण के 26 वर्शो बाद भी गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में विशेष पिछड़ी जनजाति कमार आदिवासी बच्चों को पढ़ाई करने के लिए एक अदद स्कूल भवन नसीब नहीं हो पा रहा है। इससे यह अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है कि शिक्षा विभाग को करोड़ो रूपये की बजट जारी करने के बाद भी बच्चों को पढ़ाई करने के लिए स्कूल भवन नसीब नहीं हो पा रहा है और तो और मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के कई स्कूल भवन निर्माण के लिए 20 वर्ष पहले लाखों रूपये की राशि जारी किए गए हैं। लेकिन आज तक स्कूल भवन का निर्माण नहीं हो पाया है। इन स्कूल भवनों का निर्माण क्यों नहीं हो पाया है इसका आज तक न जांच हुआ न कोई कार्यवाही हुई बल्कि शिकायत होने पर संबंधित विभाग द्वारा मामलों की निपटारा कागजी स्तर पर घोड़ा दौड़ा दिया जाता है जिसके कारण विशेष पिछड़ी कमार जनजाति आदिवासी बच्चों को मजबूरन कही पेड़ के नीचे या फिर झोपड़ी अपना सुनहरा भविष्य गढ़ना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों ने अब इस मामले में नाराजगीय व्यक्त करते हुए बकायदा संबंधित स्कूलों का फोटो मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र के माध्यम से प्रेषित कर शिकायत कर कार्यवाही की मांग किया जायेगा। केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विशेष पिछड़ी कमार जनजाति आदिवासियों के विकास और उथान के लिए दर्जनो योजनाए संचालित किया जा रहे है लेकिन क्या इन सरकारी योजनाओं का लाभ धरातल में ग्रामीणों को मिल पा रहा है या नही इसे देखने वाला कोई नही है। मैनपुर विकासखण्ड के दर्जन भर से ज्यादा स्कूल भवन नही होने के कारण या भवन जर्जर होने के कारण खुले आसमान के नीचे या फिर झोपड़ी में बच्चे पढ़ाई करने विवश हो रहे है।





### सरकारी योजनाओं का धरातल पर अता-पता नहीं

ग्रामीणों ने बताया इस समस्या से कई बार शिक्षा विभाग मैनपुर के अधिकारियों को अवगत करा चुके है समस्या का समाधान करना दूर की बात अब तक कोई झांकने तक नहीं पहुंचा है। अब ग्रामीणों ने नया स्कूल भवन को लेकर आंदोलन करने की बात कह रहे है। ग्रामीणों ने बताया की कई बार स्कूल की समस्या को लेकर मैनपुर बीईओ कार्यालय में आवेदन दे चूके है लेकिन शिक्षा विभाग के अधिकारी कोई ध्यान नहीं देते जिसके कारण भवन जर्जर होने और लगातार जहरीले सर्प निकलने से बच्चों के सुरक्षा के कारण स्कूल का संचालन एक ग्रामीण के आंगन में किया जा रहा है। भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं गरियाबंद कलेक्टर को जर्जर स्कूल और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के उदासीन रवैये की शिकायत करने की तैयारी कर रहे है।

### खेतों के बीच स्कूल भवन का निर्माण

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 12 किलो मीटर दूर ग्राम पंचायत दबनई के आश्रित ग्राम लेड़ीबहार में सन 2000 में शिक्षा गरंटी योजना के तहत एक कमरे का स्कूल भवन खेतों के बीच निर्माण किया गया है। यह भवन पूरी तरह जर्जर हो गया है स्कूल भवन तक पहुंचने में बारिश के दिनों में बच्चों को खेतों के मेड़ों से जान जोखिम में डालकर जाना पड़ता है। स्कूल भवन इतना जर्जर है कि बारिश के पानी स्कूल भवन के भीतर डबरा की तरह भर जाता है। जर्जर स्कूल भवन के कारण स्कूल का संचालन पिछले 2-3 वर्षों से एक ग्रामीण के बरामदा में किया जा रहा है जहां एक कमरे के भीतर पांच कक्षाएं संचालित किया जा रहा है और बच्चों को पढ़ाई करने में भारी परेशानी हो रही है। कई बार इस समस्या से ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया है लेकिन समस्या का समाधान करना तो दूर अब तक कोई अधिकारी निरीक्षण में भी नही पहुंचे है जिसके कारण यहां के बच्चे बेहद मुश्किलों के बीच पढ़ाई करने विवश हो रहे है।

# नगर को स्वच्छ, सुंदर व सुव्यवस्थित बनाने में करें सहयोग : ओमकुमारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

सप्ताह भर से रूक-रूककर हो रही बारिश के कारण जलभराव एवं कई नालियां जाम की स्थिति में पहुंच गई है बस स्टैंड के पास पानी का जमाव होने से लोगो को किंचित तकलीफो का सामना करना पड़ा। नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू नगर पालिका की टीम के साथ बस स्टैंड पहुंचे और मुख्य मार्ग के किनारे की नालियों से तीन ट्रैक्टर से अधिक मलमा निकालकर हो रहे। जल भराव की समस्या से नगरवासियों को निजाद दिलाया है। मालूम हो कि प्लास्टिक, डिस्पोजल एवं झिल्लियों के कारण नालियों में जाम की नौबत आई थी वर्षों से सफाई न होने के कारण पानी का बहाव अवरुद्ध हो गया था। नगर के विभिन्न जाम नालियों से प्लास्टिक, झिल्लियां, डिस्पोजल एवं कचरा निरंतर निकाली जा रही है और सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने नगरवासियों से अपील की है कि पॉलीथिन का इस्तेमाल कम से कम करे। कचरा नाली में न डालकर कचरा गाड़ी में डाले। खुले स्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर कचरा न फेंके। सामान लाने के लिए थैले का उपयोग करे। नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित बनाने में सहयोग प्रदान करें।

# जिला सरपंच संघ का गठन, हरिश कुमार बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद





जिले की ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाने और सरपंचों के अधिकारों की प्रभावी पैरवी के उद्देश्य से बुधवार को पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह, गरियाबंद में जिले के पांचों विकासखंडों के सरपंच संघों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से गरियाबंद जिला सरपंच संघ का गठन किया गया। इसमें हरिश कुमार साहू को जिला अध्यक्ष, कोमल देव ध्रुव को कार्यकारी अध्यक्ष, पन्ना लाल ध्रुव को संरक्षक, हलमन ध्रुव को कोषाध्यक्ष तथा पवन सिंह यादव को सचिव चुना गया। बैठक में फिंगेश्वर, छुरा, गरियाबंद, मैनपुर और देवभोग विकासखंडों के सरपंच संघों के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी विकासखंडों से जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्यों का भी सर्वसम्मति से चयन किया गया। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष हरिश कुमार साहू ने कहा कि जिला सरपंच संघ पंचायत प्रतिनिधियों के अधिकारों की रक्षा, ग्राम पंचायतों के समग्र विकास, वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता और ग्रामीण जनसमस्याओं के समाधान के लिए संगठित एवं प्रभावी भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन शासन-प्रशासन और पंचायत प्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर पंचायती राज व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करेगा।

# कांग्रेसियों ने नवापारा में प्रधानमंत्री का पुतला फूंका

**नवापारा-राजिम।** दिल्ली जंतर मंतर में छात्रों के ऊपर हुए अन्याय के खिलाफ छात्रों के समर्थन में आए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गाँधी और विपक्ष के सांसदों एवं वरिष्ठ नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में बुधवार को प्रधानमंत्री का पुतला दहन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा के तत्वावधान में फूंका गया। पुतला दहन कार्यक्रम में मौजूद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामा यादव ने कहा केंद्र कि मोदी सरकार पेपर लीक मामले में एक चर्चा करने तैयार नहीं देश भर से छात्र जब पेपर लीक का विरोध करने जंतर मंतर मैदान पहुंचे तो बड़ी बर्बरता पूर्वक छात्रों पर लाठी डंडे और अश्रु गैस के गोले और पानी की बौछार से सैकड़ों छात्र घायल हो गए लोकतंत्र में शांति पूर्ण विरोध प्रदर्शन का हक सभी को है। इस दौरान विरोध प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामा यादव, पूर्व उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस चंद्रहास साहू, पार्षद अजय साहू ,अर्जुन साहू, रामरतन निषाद, तरुण कंसारी, टिकेश्वर गिलहरे, फागू देवांगन, वीरेंद्र राजपूत, अनूप खरे, निर्माण यादव, अजय गाड़ा, विजय तारक, बल्लू देवांगन, तिलक साहू, पूर्णानंद साहू, सौरभ सोनी, संजय पटेल, प्रियेश प्रजापति, मितेश शाह, प्रतीक साहू, तरुण साहू, बिक्की साहू, निगम पटेल, विक्की नरवानी, भोला साहू, महेश साहू, प्रदीप साहू, शेखर साहू, शाहिद रजा, गौतम निषाद, यादवेन्द्र ठाकुर, गुड्डू मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे।



# बरसात से पहले सुधरती सड़कें तो नहीं होती यह परेशानी : महाडिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

हरिभूमि में प्रकाशित क्षेत्र की जर्जर सड़कों और जलभराव की खबर को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक ने संबंधित विभागों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि यह केवल सड़क की समस्या नहीं, बल्कि हजारों ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय है। महाडिक ने कहा कि बरसात शुरू होते ही जनपद से जुड़े अनेक प्रमुख मार्ग जलमग्न हो गए हैं और जगह-जगह बड़े गड्ढे दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, मरीजों, किसानों और रोजाना आवागमन करने वाले लोगों को उठानी पड़ रही है। कई स्थानों पर वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं, जो प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि यदि वर्षाकाल शुरू होने से पहले सड़कों की तकनीकी जांच, गड्ढों की मरम्मत और जल निकासी की समुचित व्यवस्था कर दी जाती, तो आज क्षेत्र की जनता और स्कूली बच्चों को इस तरह की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता। हर वर्ष एक जैसी स्थिति बनना यह दर्शाता है कि स्थायी समाधान की दिशा में अपेक्षित कार्य नहीं हो रहे हैं। महाडिक ने कहा कि उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि क्षेत्र की क्षतिग्रस्त सड़कों का तत्काल निरीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कार्य शुरू कराया जाए। जहां जलभराव की समस्या है, वहां जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।





गड्ढों में तब्दील मुख्य मार्ग, हर सफर बन रहा हादसे का सबब

**बारिश ने खोली जनपद से जुड़ी अनेक सड़कों की पोल, जलाशय में तब्दील**

# रविवि की मेरिट सूची में नेताजी सुभाष कालेज का दबदबा, गुंजा सिन्हा को मिला गोल्ड मेडल

**नवापारा-राजिम।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा जारी मेरिट सूची बीसीए तृतीय वार्षिक परीक्षा मार्च-अप्रैल 2025, बीएड चतुर्थ सेमेस्टर मई-जून 2025 एवं बीपीएड चतुर्थ सेमेस्टर मई-जून 2025, में नेताजी सुभाष महाविद्यालय में अध्यनरत छात्र -छात्राओं ने अपना परचम लहराया है। मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने में सफलता हासिल की है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी टॉप 10 में बीपीएड चतुर्थ सेमेस्टर में गुंजा सिन्हा ने 1297 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। सुमन नाग 1253 अंक तृतीय, निधि सेन 1249 अंक चतुर्थ, सुमंत नायक 1231 अंक षष्टम, पायल 1226 अंक अष्टम, अफला लकड़ा 1226 अंक नवम एवं रॉबिन इक्का 1219 अंक लेकर मेरिट क्रम में स्थान प्राप्त किया है। साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा बी.सी.ए. तृतीय वार्षिक परीक्षा में रूपांक साहू 2389 अंक प्राप्त कर नवम एवं वैशाली साहू 2385 अंक लेकर दशम स्थान प्राप्त करने में सफल रही है। बीएड चतुर्थ सेमेस्टर 2025 की जारी प्रावीण्य सूची में लता ने 942 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रामीण अंचल में स्थित यह महाविद्यालय रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम के अध्यापन न्यूनतम शुल्क पर उच्च शिक्षा को पहुंचाने में दृढ़ संकल्पित है। महाविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता सर्वोत्तम शैक्षणिक एवं अनुशासनपूर्ण वातावरण का निर्माण कर उनके उज्जवल भविष्य एवं करियर को एक दिशा व पहचान देना है। परीक्षा परिणाम विद्यार्थियों के अथक परिश्रम का ही परिणाम है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. व्हीके मिश्रा ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रबंधकों, प्राध्यापक, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पालको, अभिभावकों, दानदाताओं, कर्मचारियों एवं शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया।





